## To Provide Jobs under Kaushal Rozgar Nigam

***117** Chaudhary ABHAY SINGH CHAUTALA (Ellenabad):

Will the Chief Minister be pleased to state: -

a) the justification of setting up Kaushal Rozgar Nigam despite having the Haryana Public Service Commission, Haryana Staff Selection Commission and employment offices across the State;

b) the manner on which the eligibility of the candidates who are being recruited as per the contract system by the Kaushal Rozgar Nigam is assessed;

c) whether any procedure has been prescribed to provide equal opportunity prior to the selection of the candidates by the Kaushal Rozgar Nigam; if so, the details thereof; and

d) whether the job opportunities are being provided by Kaushal Rozgar Nigam only to the candidates having the experience certificate; if so, whether there is any proposal under consideration of the Government to provide job to those who have no experience certificate together with the details thereof?

**Answer:** Sh. Manohar Lal, Chief Minister, Haryana

Ans:a) Sir, Haryana Kaushal Rozgar Nigam Limited has been established to remove the exploitation of manpower engaged on contract through private agencies and with the mandate of providing contractual manpower in all Government Departments/ Boards/ Corporations etc. and also in private sector through online portal in a transparent manner based on notified criteria with the specific focus on providing opportunities to youth from Antodya Families in the State and facilitating timely payment of remuneration and benefits to deployed manpower.

Haryana Public Service Commission and Haryana Staff Selection Commission have the mandate to conduct examinations for selection of person to sanctioned posts in the State. Employment offices register youth looking for employment including in the private sector.

Ans b): HKRNL provides manpower deployment services to the indenting organizations as per manpower requisitions raised on HKRNL portal. During the recruitments, Deployment of Contractual Persons Policy-2022, is being followed which is available on the website of Haryana Government.The recruitment of youth is being done in a transparent manner through a tech enabled online portal in a completely transparent manner and without any human intervention under the above said Policy decided by the Government.

Ans c): Yes sir, the manpower deployments are being done by Haryana Kaushal Rozgar Nigam as per selection criterion outlined in the Deployment of Contractual Persons Policy,2022 which is available on the website of Haryana Government.

Ans d): HKRNL provides manpower deployment services to the indenting organizations as per their manpower requisitions raised on HKRNL portal. Therefore, both experienced and unexperienced unemployed youth may get job opportunities through HKRNL subject to requirements outlined in manpower requisitions received from indenting departments and the selection criterion outlined in the Deployment of Contractual Persons Policy,2022.

# कौशल रोजगार निगम के अंतर्गत नौकरी प्रदान करना

*117 चौधरी अभय सिंह चौटाला (ऐलनाबाद):

क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगें कि-

क) हरियाणा लोक सेवा आयोग, हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग और पूरे राज्य में रोजगार कार्यालय होने के बावजूद कौशल रोजगार निगम की स्थापना करने का क्या औचित्य है;

ख) कौशल रोजगार निगम द्वारा अनुबंध प्रणाली के अनुसार भर्ती किए जा रहे उम्मीदवारों की पात्रता का आंकलन करने की विधि क्या है;

ग) क्या कौशल रोजगार निगम द्वारा उम्मीदवारों के चयन से पहले समान अवसर प्रदान करने के लिए कोई प्रक्रिया निर्धारित की गई है; यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है; तथा

घ) क्या कौशल रोजगार निगम द्वारा केवल अनुभव प्रमाण पत्र वाले उम्मीदवारों को ही नौकरी के अवसर प्रदान किए जा रहे हैं; यदि हां, तो क्या जिनके पास अनुभव प्रमाण पत्र नहीं है उन्हें रोज़गार प्रदान करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है तथा इसका ब्यौरा क्या है?

उत्तर: श्री मनोहर लाल, मुख्यमंत्री, हरियाणा

क) श्रीमान जी, हरियाणा कौशल रोजगार निगम लिमिटेड की स्थापना निजी एजेसिंयों के माध्यम से अनुबंध पर लगे श्रमशक्ति के शोषण को दूर करने के लिए व सभी सरकारी विभागों/बोर्डों/निगमों आदि व निजी क्षेत्र में अनुबंधित श्रमशक्ति को ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से पारदर्शी तरीके द्वारा अधिसूचित मानदंडों के आधार पर अंत्योदय परिवारों के युवाओं को रोजगार का अवसर प्रदान करने की आवश्यकता पर विशेष ध्यान देने और श्रमशक्ति को समय पर मेहनताना और लाभों के भुगतान की सुविधा के उद्देश्य के साथ की गई है।

हरियाणा लोक सेवा आयोग और हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग के पास राज्य में नियमित पदों पर व्यक्तियों के चयन के लिए परीक्षा आयोजित करने का

प्रावधान है। रोजगार कार्यालय, निजी क्षेत्र सहित रोजगार की तलाश कर रहे युवाओं का पंजीकरण करते हैं।

ख) एच०के०आर०एन०एल०, विभिन्न संस्थाओं द्वारा पोर्टल पर की गई requisitions के अनुसार संस्थाओं को श्रमशक्ति (manpower) प्रदान करता है। भर्तियों के दौरान, सरकार द्वारा तय की गई Deployment of Contractual Persons Policy, 2022 का पालन किया जाता है जो हरियाणा सरकार की बेवसाइट पर उपलब्ध है। युवाओं की भर्तियाँ, सरकार द्वारा निर्धारित उपरोक्त नीति के अंतर्गत, बिना किसी मानवीय हस्तक्षेप तथा उच्च तकनीकी ऑनलाइन पोर्टल के द्वारा पूर्णत: पारदर्शी तरीके से की जाती है।

ग) हाँ श्री मान जी, हरियाणा कौशल रोजगार निगम के द्वारा भर्तियां, Deployment of Contractual Persons Policy-2022 में उल्लिखित चयन मानदंडों के अनुसार की जाती है, जो हरियाणा सरकार की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

घ) एच०के०आर०एन०एल०, पोर्टल पर की गई requisitions के अनुसार, मांग करने वाली संस्थाओं को श्रमशक्ति (manpower) प्रदान करता है। इसलिए, अनुभवी और अनुभवहीन दोनों ही बेरोजगार युवा, एच०के०आर०एन०एल० के माध्यम से, विभागों द्वारा श्रमशक्ति (manpower) मांग में उल्लिखित आवश्यकताओं के अनुसार एवं Deployment of Contractual Persons Policy-2022 में उल्लिखित चयन मानदंडों के आधार पर, रोजगार प्राप्त कर सकता है।

................................